
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# जनता को कांग्रेस के पक्ष में होना होगा एकजुट

**आरोप**

## सैनिक परिवारों की देख–रेख के लिए हर जिले में होगी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति : रावत

भाजपा ने सत्ता में आते ही एक परिवार एक व्यक्ति पेंशन योजना कर दी बंद

**संवाददाता**

बागेश्वर। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि लोकतंत्र व प्रदेश बचाने के लिए प्रदेश की जनता को कांग्रेस के पक्ष में एकजुट होना होगा। जवानों के लिए सर्वाधिक काम कांग्रसे ने ही किया। कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जिसने बांग्लादेश को अलग देश बनाया। कांग्रेस ने देश के पूर्व सैनिकों को सर्वाधिक अनुग्रह राशि देने का काम किया।

शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कपकोट विधान सभा के पूर्व सैनिकों एवं अधिकारी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश मे कांग्रेस की सरकार आने पर सैनिक परिवारों की देख–रेख करने के



लिए प्रत्येक जिले में एक अलग मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करेगी। जो केवल और केवल पूर्व सैनिकों की समस्याओं को देखेंगे।

कांग्रेस ने सरकार में रहते महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की। लेकिन प्रदेश भाजपा सरकार ने योजना को उलझा दिया। जब वह सत्ता में थे विधवा बहु व पुत्री को भी पेंशन देने का निर्णय लिया था। लेकिन भाजपा ने सत्ता में आते ही एक परिवार एक व्यक्ति पेंशन योजना बंद कर दी। महिला मंगलदलों, महिला समूहों को स्वरोजगार की दिशा में मजबूती से कार्य करने का प्रयास करेंगे। सार्वभौम पोष्टिक आहार योजना लागू करेंगे। तीन साल में 32 हजार लोगों को रोजगार देने का काम किया। लेकिन भाजपा रोजगार छिनने का काम कर रही है।

कांग्रेस की सरकार आते ही पहले वर्ष ही 25 हजार लोगों को रोजगार देने का काम करेंगे। महंगाई चरम पर है। सरकार उस पर नियंत्रण खो चुकी है। हर व्यक्ति को खुश करने का कांग्रेस का लक्ष्य है। प्रत्येक युवा को न्याय के मुताबिक बेरोजगारी भत्ता देगी। पूर्व सीएम ने कहा कि शामा की कीवी, मुनार के बिस्किट, झोंगौरे की खीर आज ब्रांड बन गए। 15 लाख के जुमले छोड़ो मडुवे, झोंगैरे की बात करिए। कपकोट आर्मी कैंटीन खोलने का आश्वासन दिया।

## न्यूज डायरी

### ईगास के पावन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर व्यक्त किया आभार

**संवाददाता** देहरादून। नवंबर नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, महासचिव आरिफ वारसी और राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के नवनीत गोसाईं ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया कि उन्होंने ईगास के पावन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है स्मरण रहे कि समिति के प्रभात डंडरियाल पिछले 3 वर्षों से लगातार प्रदेश सरकार से ईगास पर अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे थे लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उनकी मांग को नहीं माना था उन्होंने कहा कि ईगास उत्तराखंड राज्य का पावन पर्व है अवकाश घोषित होने से लोग इस पर इस पर्व को उल्लास के साथ सपरिवार मना सकते हैं धामी सरकार इस पर बधाई की पात्र है।

### कम्युनिटी लाइजनिग ग्रुप की बैठक में उठे अपराध, नशा और यातायात के मुद्दे

**संवाददाता** रुद्रपुर। कम्युनिटी लाइजनिग ग्रुप की बैठक में एसएसपी के समक्ष अपराध, नशा और यातायात के मुद्दे उठे। इस दौरान एसएसपी ने लोगों को मामले में आवश्यक कार्रवाई कर लोगों को आ रही परेशानियों का निस्तारण का आश्वासन दिया। शनिवार को रुद्रपुर कोतवाली में एसएसपी दलीप सिंह कुंवर की अध्यक्षता में कम्युनिटी लाइजनिग ग्रुप की बैठक हुई। जिसमें रुद्रपुर बाजार चौकी, आदर्श कालोनी चौकी, रम्पुरा चौकी, बगवाड़ा चौकी क्षेत्र में रहने वाले दर्जनों लोगों ने शिरकत की। इस दौरान एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि इस ग्रुप से जुड़े लोग अपने क्षेत्र की समस्या पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। साथ ही पुलिस की कार्यशैली की शिकायत और नए सुझाव भी पुलिस अधिकारियों को दे सकते हैं।

### हरीश रावत और यशपाल आर्य ने बदरीनाथ धाम पहुंच लिया आशीर्वाद

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भगवान बदरी–विशाल का आशीर्वाद लेने बदरीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा, हम एक अच्छी, सक्षम और जनकल्याणकारी सरकार दे सकें यही हमारी कामना है। बदरी–विशाल के दर्शन के दौरान उनके साथ भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल यशपाल आर्य भी मौजूद थे। 20 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने हैं, जिसके साथ ही चारधाम यात्रा की समाप्ति हो जाएगी। धाम के कपाट बंद होने से पहले पूर्व सीएम हरीश रावत और यशपाल आर्य यहां पहुंचे और आशीर्वाद लिया। इस दौरान यशपाल आर्य ने कहा कि जो शक्ति बदरी विशाल से मिली है उसका उपयोग हम मिलकर उत्तराखंड की जनमानस की सेवा में करेंगे।

## गोल्डन कार्ड की कटौती बंद करे राज्य सरकार

**संवाददाता** बागेश्वर। गर्वमेंट पेंशनर्स वैलफेयर आर्गनाइजेशन की बैठक में शनिवार को नैनीताल में प्रांतीय अधिवेशन पर चर्चा हुई। जिसमें शामिल होने के लिए जिले से भी पदाधिकारी जाएंगे। बैठक में लंबित समस्याओं पर चर्चा हुई।

आर्गनाइजेशन के जिलाध्यक्ष डा. प्रताप सिंह गढ़िया ने कहा कि गोल्डन कार्ड के लिए प्रतिमाह पेंशन से कटौती की जा रही है। चिकित्सा संबंधित कोई लाभ पेंशनरों को नहीं मिल पा रहा है। गोल्डन कार्ड से हो रही कटौती तत्काल बंद होनी चाहिए। आयुष्मान कार्ड की सुविधा पेंशनर्स को भी दी जाए। उन्होंने चिकित्सा स्वास्थ्य के प्रतिपूद्दत के लिए स्वास्थ्य प्राधिकरण से संबंधित पेंशनर शासनादेश में निर्धारित प्रारूप के अनुसार भेजने की जानकारी दी। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अर्जुन सिंह बनकोटी ने आयु का हवाला देते हुए सहयोग देने में असमर्थता जताई। उनके स्थान पर मोहन चंद्र उप्रेती को सदस्य नामित किया गया। इसके अलावा गोपाल सिंह परिहार, दया चंद्र टम्टा को नया सदस्य बनाया गया। नैनीताल में आयोजित प्रांतीय अधिवशेन में डा. प्रताप गढिघ्या, मोहन चंद्र उप्रेती जिले से प्रतिभाग करेंगे। 15 नवंबर को बागनाथ मंदिर परिसर पर बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में संरक्षक शेर सिंह धपोला, हयात सिंह मेहता, धन सिंह कनवाल, बहादुर सिंह रावत, नारायण दत्त जोशी, रमेश चंद्र चौधरी, बीपी टम्टा, विपिन चंद्र जोशी, छुट्टन लाल भारती, प्रवीण सिंह रौतेला आदि मौजूद थे।



## पैतृक गांव पहुंचे मुख्यमंत्री, मंदिर में की पूजा–अर्चना

**संवाददाता** पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को पारिवारिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने अपने पैतृक गांव हड़खोला,( डीडीहाट)पिथौरागढ़ पहुँचे। हड़खोला पहुंचे मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पैतृक गांव में स्थित हरीचंद्र देवता मंदिर में पहुंचकर परिवार जनों के साथ पूजा अर्चना की । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की खुशहाली की भी कामना की।

## भाजपा कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बांट रहे पत्रक

**संवाददाता** पुरोला। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर घर घर भाजपा हर घर भाजपा कार्यक्रम चलाया जा रहा है । जिसके तहत पार्टी के पदाधिकारी व बरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ पर जाकर कार्यकर्ताओ के साथ घर घर जाकर पार्टी का ध्वज लगा रहे हैं साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के पत्रक भी बांट रहे हैं ।

पुरोला मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा भी बूथों पर घर घर भाजपा हर घर भाजपा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश चौहान के नेतृत्व में मण्डल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व बरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने नगर पंचायत



पुरोला के वार्ड संख्या चार में दुकानों व घरों में पार्टी के ध्वज लगाए।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष पवन नोटियाल ने कहा कि उनके मण्डल में केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए घर घर भाजपा हर घर भाजपा अभियान की शुरुवात गून्दियाटगाँव बूथ से सुरु की गई है ।

जिलाध्यक्ष रमेश चौहान ने इस अवसर पर बताया कि सम्पूर्ण उत्तरकाशी जनपद में पार्टी पदाधिकारी व बरिष्ठ कार्यकर्ता बूथों पर जाकर घर घर भाजपा हर घर भाजपा अभियान के तहत 100 घरों में पार्टी का ध्वज लगा रहे है। उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ राज्य व केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पत्रक भी बांटे जा रहे हैं ।

इस अवसर पर बरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र गैरोला,अमिचंद शाह, उपेंद्र असवाल, सेवक् राम गैरोला, रामप्यारी रतूडी, सरोज महिला, , राजपाल पंवार, मोहब्बत नेगी, गोविन्द पंवार, शीशपाल रावत, चरण शाह, मलकेश सेमवाल, बिजेंद्र राणा, अनिता, परवीना , विकास राणा व राजेश नोडियाल आदि उपस्थित रहे ।

### असम, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र सबसे ज्यादा जोखिम की चपेट में हैं: सीईईडब्ल्यू

**संवाददाता** देहरादून। भारत में असम, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, और बिहार बाढ़, सूखा और चक्रवात जैसी जलवायु संबंधी चरम घटनाओं के लिए सबसे ज्यादा जोखिम वाले राज्य हैं। यह जानकारी अपनी तरह के पहले क्लाइमेट वल्नेरेबिलिटी इंडेक्स (जलवायु सुभेद्यता सूचकांक) से सामने आई है, जिसे आज काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) ने जारी किया है। कुल मिलाकर, भारत के 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जलवायु संबंधी चरम घटनाओं के जोखिम की चपेट में हैं, जो अक्सर स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं और कमजोर समुदायों को विस्थापित करते हैं। इतना ही नहीं, 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय जलवायु संबंधी चरम घटनाओं के जोखिम वाले जिलों में रहते हैं। जलवायु परिवर्तन पर आगामी चर्चा ग्लासगो, ब्रिटेन में होने जा रही है। इसे कॉप–26 कहा जा रहा है। विकसित देशों ने अभी तक जो वादे किए हैं, वे अपर्याप्त हैं और पूरे किए जाने बाकी हैं।